युवा संगम 2 के लिए ओडिशा से 45 छात्रों का प्रतिनिधिमंडल दल एमएनआईटी जयपुर के लिए रवाना हुआ

भुवनेश्वर, 9 मई 2023: सरकार के महत्वाकांक्षी सांस्कृतिक और शैक्षिक प्रयास 'एक भारत श्रेष्ठ भारत युवा संगम' कार्यक्रम के एक भाग के रूप में आईआईटी भुवनेश्वर समेत ओडिशा के विभिन्न उच्च शिक्षा संस्थानों के 45 छात्रों का एक प्रतिनिधिमंडल आज एमएनआईटी जयपुर, राजस्थान के लिए रवाना हुआ।

इस कार्यक्रम के लिए ओडिशा का नोडल संस्थान आईआईटी भुवनेश्वर है जबकि राजस्थान का नोडल संस्थान एमएनआईटी जयपुर है। छात्रों के प्रतिनिधिमंडल दल को विशिष्ट रूप से आयोजित कार्यक्रम के दौरान आईआईटी भुवनेश्वर के निदेशक प्रो. श्रीपाद करमलकर और पद्मश्री पुरस्कार विजेता और रेत कलाकार श्री सुदर्शन पटनायक द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। ये प्रतिनिधि 11 मई को जयपुर पहुंचेंगे और उनकी यात्रा 18 मई को पूर्ण होगी। इस कार्यक्रम के लिए छात्रों के साथ-साथ 4 संकाय सदस्य प्रतिनिधिमंडल दल के साथ गए हैं।

इस समारोह के शुभारंभ के दौरान, आईआईटी भुवनेश्वर के निदेशक ने कहा, "एक व्यक्ति का दृष्टिकोण पढ़ने, सुनने और प्रत्यक्ष अनुभव से आकार लेता है, जिसका उसके जीवन पर अधिकतम प्रभाव होता है। ईबीएसबी में, छात्र सीधे भारत की विविधता में एकता का अनुभव करते हैं, जिससे उनका अपनी मातृभूमि पर गर्व बढ़ता है। समारोह के मुख्य अतिथि श्री सुदर्शन पटनायक ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में ईबीएसबी की पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि "यह अवसर राष्ट्रीय एकीकरण का निर्माण करेगा और छात्रों पर सार्थक एवं सकारात्मक प्रभाव डालेगा।"

कार्यक्रम में हिस्सा ले ने गए छात्रों का प्रतिनिधिमंडल दल सर्वप्रथम 10 मई को नई दिल्ली पहुंचेंगे और फिर यहां से 11 मई को एमएनआईटी जयपुर परिसर के लिए रवाना होगा । यात्रा के दौरान, छात्र राजस्थान के माननीय राज्यपाल से बातचीत करेंगे और उसके बाद चोखी ढाणी की सांस्कृतिक यात्रा में भाग लेंगे । उनके यात्रा कार्यक्रम में सीतापुरा का दौरा, सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल्स टेक्नोलॉजी में वार्तालाप सत्र और जयपुर शहर का भ्रमण शामिल होगा। छात्र एमएनआईटी जयपुर परिसर में एक ब्लॉक प्रिंटिंग/टाई एंड डाई (शिल्प) कार्यशाला और वृक्षारोपण गतिविधि में भी भाग लेंगे।

*****